Tender Heart High School, Sector - 33 B Chd.

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

टीचर - सुमन शर्मा दिनांक 29.7.25

Answer key

प्र०1 छुट्टी की घंटी बजते ही सब बच्चों ने क्या किया?

उत्तर- छुट्टी की घंटी बजते ही सब बच्चे अपना बस्ता लेकर बाहर भागे।

प्र०2 मुदित और विदिता किसके साथ घर जाते थे?

उत्तर- मुदित और विदिता माँ के साथ घर जाते थे।

प्र०3 सिसकियों की आवाज़ किसकी थी?

उत्तर- सिसकियों की आवाज़ छोटी पेंसिल की थी।

प्र०4 पेंसिल बैंक किस में बनाया गया?

उत्तर- पेंसिल बैंक डिब्बे में बनाया गया।

प्र०5 मुदित और विदिता ने छुट्टी के बाद घर जाने से पहले क्या - क्या किया?

उत्तर- मुदित और विदिता ने छुट्टी के बाद घर जाने से पहले कक्षा में गिरी हुई तथा मेज़ पर छूटी हुई पेंसिलें इकट्ठी की।

Scanned with ACE Scanner

कक्षा - दुसरी Date: 29.7.21 विषय - हिन्दी

## Answer Key

प्र06. अज़ीज़ ने पेंसिल को कूड़ेदान में क्यों फेंक दिया था?

उत्तर- अज़ीज़ ने पेंसिल को कूड़ेदान में इसलिए फेंक दिया क्योंकि वह छोटी हो गई थी।

प्र07. माँ ने मुदित और विदिता को क्या सलाह दी?

उत्तर- माँ ने मुदित और विदिता को कक्षा में पेंसिल बैंक बनाने की सलाह दी।

प्र08 पेंसिल बॉक्स घर रह जाने पर विदिता ने अज़ीज़ से क्या कहा?

उत्तर- पेंसिल बॉक्स घर रह जाने पर विदिता ने अज़ीज़ से कहा कि तुम पेंसिल बैंक में से पेंसिल उधार ले सकते हो।

प्र09 वाक्य बनाओ -

1. कक्षा - मैं दूसरी कक्षा में पढ़ता / पढ़ती हूँ।
2. पेंसिल - मेरे पास एक लाल रंग की पेंसिल है।
3. स्कूल - मैं स्कूल जा रहा हूँ / रही हूँ।
4. सुझाव - माँ ने पेंसिल बैंक बनाने का सुझाव दिया।

Scanned with ACE Scanner

कक्षा - दूसरी

विषय - हिन्दी

पुस्तक - नवतरंग - 2

उपविषय - पाठ- 3 (प्रश्न / उत्तर)

3. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरें -
[ पेंसिल बैंक, कूड़ेदान, पेंसिलें, छोटी पेंसिल, कक्षा, अज़ीज़, उदास ]

क) मुदित और विदिता छूटी हुई पेंसिलें इकट्ठे करने लगे।

ख) माँ ने पेंसिल बैंक बनाने का सुझाव दिया।

ग) अज़ीज़ ने छोटी पेंसिल कूड़ेदान में फेंक दी थी।

घ) छोटी पेंसिल ने अज़ीज़ की मदद की।

ङ) देखते ही देखते कक्षा खाली हो गई।

च) पेंसिल फिर से अज़ीज़ के हाथ में आकर बहुत खुश थी।

छ) एक दिन अज़ीज़ कक्षा में उदास बैठा था।

शब्द - अर्थ

1. सुझाव - सलाह
2. बैंक - जमा करना
3. सिसकियाँ - धीरे-धीरे रोने की आवाज़
4. इस्तेमाल - प्रयोग
5. उधार - कर्ज़

नोट -: उपर्युक्त कार्य को अपनी हिन्दी नोटबुक में लिखें।

Scanned with ACE Scanner